छत्तीसगढ़ बना देश का पहला राज्य, जहाँ तैयार की गई आंगनबाड़ी एवं बालवाड़ी गतिविधि आधारित पुस्तिका

चर्चा में क्यों?

10 अगस्त, 2023 को छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की दिशा में राज्य ने अभूतपूर्व कार्य करते हुए बालवाड़ी एवं आंगनवाड़ी के बच्चों के लिये गतिविधि पुस्तिका एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ के लिये दैनिक कार्य योजना का निर्माण किया है। पूरे देश में छत्तीसगढ़ पहला राज्य है, जिसने इस क्षेत्र में पुस्तिका का निर्माण किया है।

प्रमुख बिंदु

- यह पुस्तिका राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में ईसीसीई के अनुरूप यूनिसेफ के सहयोग से 03 से 06 वर्ष के बच्चो के लिये तैयार की गई है, जिसके लिये एससीईआरटी की विशेषज्ञ टीम द्वारा पिछले एक वर्ष से लगातार इसमें मेहनत की गई है।
- कार्यक्रम में संचालक एससीईआरटी राजेश सिंह राणा द्वारा इस पुस्तिका के निर्माण, महत्त्व और आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए आगे की कार्य योजना बताई गई।
- इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री ने इस पुस्तिका को राज्य के छोटे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिये नितांत आवश्यक एवं महत्त्वपूर्ण बताया। इससे शिक्षा की नींव मज़बूत होगी, जिसका लाभ भविष्य में देखने को मिलेगा।
- इस अवसर पर खिलौना आधारित शिक्षण शास्त्र पर खिलौना प्रदर्शनी भी लगाई गई।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-became-the-1st-state-in-the-country-to-prepare-anganwadi-and-kindergarten-activity-based-booklet